**दिनांक : 25.01.2025** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :–**

- 76वां गणतंत्र दिवस कल, राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु अब से कुछ देर में राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
  - राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ।
  - भोपाल में कल से लोकरंग' में दिखेंगे परंपरा,कला और संस्कृति के रंग ।
  - प्रदेश में मौसम ने फिर ली करवट, बर्फीली हवाओं की वजह से ठंड का असर बढ़ा।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

**गणतंत्र दिवस–राष्ट्रीय**

76 वां गणतंत्र दिवस कल समारोहपूर्वक मनाया जायेगा। समारोह में सांस्कृतिक विविधता और सैन्य–शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं संविधान की 75वीं वर्षगांठ और जन–भागीदारी की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। परेड में तीन सौ कलाकार देश के विभिन्न हिस्सों के वाद्य–यंत्रों के साथ सारे जहां से अच्छा की प्रस्तुति देंगे। विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार की 31 झांकियों का मुख्य विषय होगा–स्वर्णिम भारत–विरासत और विकास। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

**राष्टपति – राष्ट संदेश**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन अब से कुछ देर बाद शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित किया जाएगा।

**गणतंत्र दिवस–प्रदेश**

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में झंडा वंदन करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना जिले में और जिला मुख्यालयों पर मंत्री एवं कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

**राष्टोय मतदाता दिवस**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि यह गौरव का विषय है कि भारत विश्व का सबसे बड़ा, विविध, युवा, समावेशी और संवेदनशील लोकतंत्र है। नई दिल्ली में आज 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि आधुनिक विश्व के लिए भारत का लोकतंत्र एक अनूठा उदाहरण है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि भारत में अब मतदाताओं की संख्या 99 करोड़ से अधिक है और जल्द ही देश एक अरब से अधिक मतदाताओं के साथ एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का इस वर्ष का विषय है– वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।

**गणतंत्र दिवस विशेष अतिथि**

राष्ट्रीय कार्यक्रमों में जन भागीदारी बढ़ाने के सरकार के प्रयासों के अंतर्गत कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर 76वां गणतंत्र दिवस परेड़ देखने के लिए लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। **झाबुआ** जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बेनी गहलौर को भी परेड के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके लिए उन्होंने आभार जताया है।

**लोकरंग**

भोपाल के रवीन्द्र भवन परिसर में कल से 30 जनवरी तक 'लोकरंग' का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यपाल मंगूभाई पटेल होंगे। समारोह पारम्परिक नृत्य, गायन–वादन, शिल्प और व्यंजन मेला केन्द्रित होगा। समारोह में करीब 300 से अधिक शास्त्रीय, लोक और जनजातीय पारम्परिक वाद्ययंत्रों को प्रदर्शित करती बहुवर्णी वाद्य प्रदर्शनी का भी संयोजन किया जा रहा है।

**मौसम**

उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से प्रदेश में फिर से ठंड बढ़ गई है। मौसम केन्द्र भोपाल के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक वेद प्रताप सिंह ने बताया कि आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है।

## समाचार संक्षेप में....

- नीमच में कल लोकतंत्र का उत्सव भारत पर्व का आयोजन किया जायेगा।
- पन्ना जिले के सिमरिया तहसीलदार को विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर निलंबित करने की कार्यवाही की है।
- छतरपुर कलेक्टर ने कल 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को शुष्क दिवस घोषित किया है।
- मतदाताओं को जागरूक करने एवं प्रजातंत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए देवास जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया।
- बैतूल जिले की बेटियां कल 26 जनवरी को दिल्ली के राजपथ पर कार्यक्रम "जयति जय मम भारतम" में मध्य प्रदेश का पारंपरिक बधाई नृत्य प्रस्तुत करेंगी।
- खंडवा जिले में 26 जनवरी के पूर्व शहर के संवेदनशील इलाकों मे सुरक्षा की दृष्टि से डॉग स्क्वाड द्वारा एंटीसेबोटॉज चेकिंग की गई ।

**मुख्य समाचार एक बार फिर ....**

- 76वां गणतंत्र दिवस कल, राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु अब से कुछ देर में राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
  - राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ।
  - भोपाल में कल से लोकरंग' में दिखेंगे परंपरा,कला और संस्कृति के रंग ।
  - प्रदेश में मौसम ने फिर ली करवट, बर्फीली हवाओं की वजह से ठंड का असर बढ़ा।